एसडीआरएफ की तत्परता से गंगा में डूबती युवती की बची जान

नाव से नदी में गिरी युवती, जवान ने गंगा में छलांग लगाकर निकाला सुरक्षित

मनिहारी (कटिहार)। उत्तरवाहिनी गंगा तट मनिहारी में एक बड़ा हादसा टल गया। नाव घाट से मनिहारी लौट रहे यात्रियों से खचाखच भरी नाव में अचानक झटका लगने से करीब 16 वर्षीय युवती संतुलन खोकर गंगा नदी में गिर गई। युवती को डूबता देख मौके पर मौजूद एसडीआरएफ के जवान ने तत्परता दिखाते हुए गंगा में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना मनिहारी घाट से करीब 200 मीटर पहले की है। जानकारी के अनुसार, युवती की पहचान मनसाही प्रखंड के मोहनपुर निवासी के रूप में हुई है। वह अपनी दीदी के घर से वापस अपने घर लौट रही थी। नाव के ऊपरी हिस्से में बैठी थी। इसी दौरान नाव में अचानक झटका लगने से वह नदी में जा गिरी और डूबने लगी। संयोग से पास में मौजूद एसडीआरएफ की टीम की नजर उस पर पड़ गई। एसडीआरएफ के ऊर्जावान प्रभारी रामचंद्र मिश्र के नेतृत्व में टीम के एक जवान ने फेरी सेवा की नाव की मदद से नदी में छलांग लगाकर युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जवान की तत्परता से उसकी जान बच गई। घटना को घाट पर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया।

घटना की सूचना पर मनिहारी के ओर से ऑटो की व्यवस्था कर युवती को सुरक्षित उसके घर भेजा गया।इधर छठ घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने एसडीआरएफ प्रभारी और जवानों की तत्परता की सराहना की। उन्होंने पूरी टीम को साधुवाद देते हुए कहा कि जवानों ने समय रहते युवती की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार झा,नगर पार्षद श्रवण कुमार, बाले श्वर सिंह, स्मिता, गौरव अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुड्डू यादव और दिलवर पासवान सहित अन्य लोगों ने भी





आरओ सह सीओ रामसागर पासवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। प्रशासन की एसडीआरएफ टीम की मुक्त कंठ से सराहना की है और कहा कि पीड़ित मानव सेवा की सही मिसाल एस डी आर एफ ने पेश की।

स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, बाइक व नकदी जब्त

फलका (कटिहार) आससे। फलका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को छापेमारी कर 49 पुड़िया स्मैक जैसे नशीले पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान पूर्णियां जिले के मरंगा थाना क्षेत्र के ककरजान , वार्ड संख्या-09 निवासी श्रवण कुमार पंडित के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पुलिस बल की टीम ने बड़ीचातर स्थित चौमुखी के समीप वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 49 पुड़िया में रखा कुल 6.99 ग्राम स्मैक जैसा नशीला पदार्थ, 220 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

फॉर्चूयून ने घर का खाना और छठ कैंपेन के साथ पूजोत्सव को दिया खास रंग

कटिहार। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के प्रमुख खाद्य तेल ब्रांडों में से एक फॉर्चूयून सोयाबीन ऑयल ने छठ पूजा के अवसर पर अपना नया कैंपेन घर का खाना, घर की छठ लॉन्च किया है। यह कैंपेन घर, खानपान, पारिवारिक परंपराओं और अपने घर, परिवार और परंपराओं की ओर लौटने की खुशी के बीच भावनात्मक रिश्ते को दर्शाता है। बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा यह कैंपेन अपनों के साथ छठ मनाने की यादों और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं को फिर से जीने के एहसास को सामने लाता है छठ पूजा साझा परंपराओं, आस्था और उत्सव की तैयारियों के जरिए कई पीढ़ियों को एक साथ जोड़ता है। ठेकुआ जैसे पारंपरिक पकवान बनाने से लेकर अपनों के साथ घाटों पर जुटने तक, छठ का हर पल बचपन की यादें और घर की यादों को ताजा कर देता है। इन्हीं भावनाओं को केंद्र में रखते हुए फॉर्चूयून सोयाबीन ऑयल का यह कैंपेन उन पारंपरिक स्वादों और रीति-रिवाजों का जश्न मनाता है, जो छठ पूजा को हर परिवार के लिए एक खास और यादगार अवसर बनाते हैं। कंपनी के ज्वाइंट प्रेसिडेंट (सेल्स एवं मार्केटिंग) मुकेश मिश्रा ने कहा, छठ पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि एक ऐसी भावना है, जो परिवारों को एक साथ लाती है और लोगों को उनकी जड़ों, बचपन की यादों और परंपराओं से दोबारा जोड़ती है। घर का खाना, घर की छठ के जरिए हम घर की याद, घर लौटने की खुशी और खानपान व त्योहारों के बीच के खास रिश्ते का जश्न मनाना चाहते हैं। यह कैंपेन उन सांस्कृतिक रिश्तों और प्रिय परंपराओं को सहेजने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो परिवारों को एक साथ लाती हैं।

कार्यालय, नगर परिषद, फारबिसगंज
(अररिया)
http://www.forbesganj.e-nagarpalika.com; phone:06455-295080;
e-mail- forbesganj.nagar.ulb@gmail.com

शुद्धि–पत्र

कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 09/2026–27 PR No 015077(B&C)/2026-27 एंव **अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 10/2026–27 PR No 015088(B&C)/2026-27 को **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 09/2026–27 एंव **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 10/2026–27 पढ़ा जाय।

शेष यथावत रहेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद फारबिसगंज

PR- 015466 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल,शिवहर
Email:-exenrcdsheohar01@gmail.com
।। अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ।।
NIT No.- RCD / Sheohar / 09 / 2026-27

1.	विज्ञापन दाता का नाम	:	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर
2.	निविदा आमंत्रण की तिथि	:	दिनांक 18.11.2026
3.	परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि एवं समय	:	दिनांक 26.11.2026 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराहन तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:	दिनांक 04.12.2026 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराहन तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	दिनांक 04.12.2026 को 03:30 बजे अपराहन।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:	(i) अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, उ0 बि0 पथ अंचल, मुजफ्फरपुर। (ii) कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर
7.	निविदा प्राप्ति का स्थान	:	उपरोक्त क्रमांक 06 में वर्णित स्थान पर।
8.	कार्य का विवरण	:	

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Construction of Compound wall with wall Fancing of RCD Campus, Sheohar for the Year 2026-27	1446482-00	29000-00	2500-00	01 माह

9. निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का रूप एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट्ट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 015340 (RCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमंडल, शिवहर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़ सजे छठ घाटों पर अर्घ्य की तैयारी पूरी

किशनगंज (आससे)। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर पूरे सीमांचल समेत किशनगंज जिले में भक्ति और उत्साह का माहौल चरम पर है। शहर से लेकर गांवों तक छठी मइया के जयकारे और पारंपरिक छठ गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। बाजारों में रौनक है तो छठ घाट आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगा उठे हैं। चार दिवसीय इस महापर्व को लेकर व्रतियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सूप, दउरा, नए वस्त्र, नारियल, ईख, अनानास, केला और विभिन्न प्रकार के मौसमी फलों की दुकानों पर सुबह से ही लोगों की आवाजाही लगी रही। महंगाई के बावजूद पर्व के प्रति आस्था और श्रद्धा में कोई कमी नजर नहीं आई। लोग पूरे उत्साह के साथ पूजन सामग्री और प्रसाद की खरीदारी में जुटे रहे। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

महापर्व के दूसरे दिन शनिवार की शाम व्रती पूरे विधि-विधान और पवित्रता के साथ खरना का अनुष्ठान करेंगे। इस दौरान शुद्ध घी से बनी रोटी और गुड़ की खीर का प्रसाद तैयार कर छठी मइया को भोग लगाया जाएगा। इसके बाद व्रती प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास का संकल्प शुरू करेंगे। खरना के साथ ही छठ महापर्व का सबसे कठिन और महत्वपूर्ण चरण आरंभ हो जाएगा। रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य और सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा।

इधर, व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर किशनगंज शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। महानंदा नदी के विभिन्न तटों के अलावा शहर के प्रमुख तालाबों और कृत्रिम घाटों पर साफ-सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

बनमनखी में 4023 पीडीएस स्मार्ट राशनकार्ड बनकर तैयार

विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने वितरण का किया शुभारंभ

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। बिहार में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा राज्यभर में 23.75 लाख पात्र लाभुकों को नए राशन कार्ड वितरित किए गए हैं। इसी क्रम में बनमनखी अनुमंडल कार्यालय में बनमनखी विधायक सह सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि ने बनमनखी प्रखंड के लिए तैयार 4023 पीडीएस स्मार्ट राशन कार्डों के वितरण का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने लाभुकों के बीच राशन कार्ड वितरित करते हुए कहा कि छठ महापर्व के शुभ अवसर पर बिहार सरकार की ओर से पात्र परिवारों को 23.75 लाख नए राशन कार्ड का तोहफा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

विधायक ने लाभुकों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की घोषणा के अनुसार आने वाले समय में 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग नागरिकों को घर पर ही राशन कार्ड बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनके वितरण की प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई है। जिन लाभुकों का स्मार्ट कार्ड तैयार हो गया है, वे आधार के माध्यम से लॉगिन कर अपना कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक श्री ऋषि ने उपस्थित पदाधिकारियों से आग्रह किया कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे जरूरतमंद लोगों के लिए संचालित पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पात्र लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बनमनखी में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहेगा तथा सरकार की योजनाओं के अनुरूप सभी पात्र परिवारों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

राशन कार्ड वितरण समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, अंचल अधिकारी प्रभास कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्वेता रानी, नगर परिषद बनमनखी के कार्यपालक पदाधिकारी आदित्य कुमार एवं नगर पंचायत जानकीनगर के कार्यपालक पदाधिकारी आलोक शंकर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे।

बिहार सरकार

न्यायालय– बंदोबस्त कार्यालय, गोपालगंज

आम–सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कॉलम–08/09/10 में अंकित बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहन के अधिग्रहण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन मालिक का नाम, पता प्राप्त नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन मालिक अबतक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है तथा कुछ मामले में दावा प्रस्तुत करने के उपरांत अधिरोपित शास्ति जमा नहीं किया गया है।

SL NO.	CASE NO.	DM CASE NO.	THANA	LTR NO	NAME AND ADDRESS	THANA/ CASE NO	REGISTRATION NO	CHASIS NO	ENGINE NO
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	183/2026	891/26	उचकागांव	1391/विधि, दिनांक 19.06.2026	राजकुमार शर्मा, पिता–लक्ष्मण शर्मा, सा०–औराई, पकड़ी, बड़हरिया, सिवान	उचकागांव थाना कांड सं०–143/26	BR29PA8866	MCHJ1DD95FMPA00104	S0L9A34612
2	186/2026	980/26	उचकागांव	1509/विधि, दिनांक 03.07.2026	नदीम अख्तर, पिता–अजिबुल रहमान, सा०–गौसेहाता, मीरगंज, बड़हरिया, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं०–214/2026	BR29AY1284	MBLHAW224PHD11298	HA11E7PHD26113
3	188/2026	1045/26	उचकागांव	1616/विधि, दिनांक 16.07.2026	मोहम्मद रिजवान, पिता–मो० उमर गनी, सा०–सलोनीपुर, मारकन, हुसैनगंज, जिला–सिवान	उचकागांव थाना कांड सं०–222/2026	BR29AC4645	MBLHAR07241HHF24	HA10AGHHF33
4	189/2026	1046/26	उचकागांव	1616/विधि, दिनांक 16.07.2026	अमरजीत पाण्डेय, पिता–रघुनाथ पाण्डेय सा०–केदार जयसवाल, विनसोम मार्ग सगुना, खगौल, जिला–पटना	उचकागांव थाना कांड सं०–466/2025	BR01DY4140	MBLJAS057JGJ04115	JA06ERJGJ13691
5	190/2026	1047/26	उचकागांव	1616/विधि, दिनांक 16.07.2026	करण साह, पिता–गोपाल साह, ग्राम–चिचुरिया, थाना–नाकासीपारा, जिला–नादिया (प० बंगाल) वर्तमान ग्राम–भोरे, थाना–गोरे, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं०–146/2026	BR28R2961	MBLJA06AXHHA00099	JA06EPGHM12598
6	191/2026	1038/26	श्रीपुर	1619/विधि, दिनांक 16.07.2026	अरविन्द कुमार यादव, पिता– स्व० महन्थ यादव, ग्राम–रामचंद्रापुर, थाना–दारौंदा, जिला–सिवान	श्रीपुर थाना कांड सं०– 150/2026	BR01BL1060	MALAB51HR465337	405080013
7	193/2026	1052/26	उचकागांव	1719/विधि, दिनांक 23.07.2026	रामप्रवेश पासवान, पिता–उमाशंकर पासवान, सा०–परसौनी खास, थाना– उचकागांव, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं०–234/2026	BR28GB2109	MAT843016P7K22156	33LNGD11KWX528339
8	195/2026	1180/26	उचकागांव	1898/विधि, दिनांक 08.08.2026	राजेश महतो, पिता–मिश्री लाल महतो, सा०–रघुनन्दनपुर, पो०–रसनपुर, थाना–फुलवरिया, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं०–296/2026	BR28E6499	Not Mentioned	DZUBUL63711
9	199/2026	1186/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	सुभाष भारती पिता–रविन्द्र भारती, सा०–सतई, पेउली, मीरगंज, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–95/26	BR29D6864	72M57163	GF74M80243
10	200/2026	1187/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	मुन्ना सिंह पिता–कृष्णा सिंह, सा०–डुबलिया, सोलहुला गोखुल, जिला–गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–92/26	BR28U9953	MD2A11CY4JRE05099	DHYRJD07074
11	201/2026	1188/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	मोहम्मद रफी अंसारी पिता–हबीबुल्लाह अंसारी सा०–मुसेहरी, पो०–कैलगढ, बडहरिया, सिवान।	गोपालपुर थाना कांड सं०–112/26	BR28AA9269	MD2A11CZ2GRM24944	DHZRGM25049
12	203/2026	1190/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	विकास पिता–राकेश सा०–ए0ब0–3/21, संगम विहार, दक्षिण दिल्ली।	गोपालपुर थाना कांड सं०–115/26	BR01BM2909	MAJ1XXMRJ1BE36482	BE36482
13	204/2026	1191/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	मोहम्मद सदाम पिता–ताहीर सा०–कोट, कोट, हाथिन, पलवल, हरियाणा।	गोपालपुर थाना कांड सं०–115/26	BR06PD6904	MA3ELMG1500474718	K14BN4062322
14	210/2026	1197/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	जयंत कुमार यादव पिता–मास्टर चौधरी, सा०–विशुनपुरा, सोनहुला गोखुल, गोपालपुर, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–133/26	BR28AA6844	MBLHAW128NHD03140	HA11E0H00741
15	211/2026	1198/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	ओमप्रकाश कुमार पिता–बंशी साह, सा०–करण कुदारिया, डुमरसन बंगरा, छपरा।	गोपालपुर थाना कांड सं०–133/26	BR04W6887	MBLJAR027HGJ21974	JA06ERHGJ28145
16	213/2026	1200/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	रंजीत कुमार सिंह पिता–गिरिशदेव सिंह, सा०–चौरौली, भगवानपुर, सिवान।	गोपालपुर थाना कांड सं०–136/26	BR28D5259	MBLHA10EWBGK61440	HA10EDBGK10944
17	214/2026	1201/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	इंदु देवी पति–हरेन्द्र भगत सा०–बोध छपरा, जिला–गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–136/26	BR28AH5459	MD634BE87S2G13893	CE8GS291345
18	215/2026	1202/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	कमलेश कुमार यादव पिता–राजेन्द्र राय, सा०–रतनपुर, बथना, पिपराकोठी, पूर्वी चम्पारण।	गोपालपुर थाना कांड सं०–138/26	BR05AJ7141	MBLJAW100LGB04648	JA06ERLGB09232
19	216/2026	1203/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	संतोष कुमार गोंड पिता–रामचन्द्र गोंड सा०–पहाडपुर, सेमरा, जिला–गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–142/26	BR28AD4024	MD2B77AX5PPB62150	PFXPPB77699
20	220/2026	1207/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	कुंती कुमारी पिता–श्री भगवान चौहान सा०–धरहरा, सिसई, भोरे, जिला–गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–186/26	BR28AG8392	MBLHA10ADC9C043	HA10EHC9C04144
21	221/2026	1208/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	जोखु महतो पिता–जगदीश महतो सा०–बरैया टोला, बिजबानी, जितना, पूर्वी चम्पारण।	गोपालपुर थाना कांड सं०–189/26	BR22P0525	MA1TA2HAN92C22388	HA91C13018
22	222/2026	1209/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	धर्मेन्द्र पाण्डे पिता–शम्भुनाथ पाण्डेय सा०–सिंगहा, हथुआ, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–191/26	BR28X5883	MD625BK2XL3K0589	BK2KL3805070
23	223/2026	1210/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	पंकज सोनी पिता–सुरज प्रसाद, सा०–जादोपुर नियर चुना गली, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–202/26	BR28D7687	MBLHA10ADBHM21765	HA10EHBHM25240
24	224/2026	1211/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	दीवाकर चौहान पिता–बिहारी चौहान सा०–बिलास खास कटेया, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं०–202/26	BR28K5007	MALJA05EME9G21583	JA05ECE9G22083
25	226/2026	1213/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	संतोष मांझी पिता–स्व0 भगवान मांझी, सा०–दरौंधा जिला–सिवान।	गोपालपुर थाना कांड सं०–220/26	BR29P4622	MA3LS2FYSD5M15828	A3L0784669
26	227/2026	1214/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	प्रवीण कुमार चौधरी पिता–जगरनाथ चौधरी सा०–जसौली, कटैया, मुजफ्फरपुर।	गोपालपुर थाना कांड सं०–224/26	BR06PA5427	MA1PL2GHKBSA96692	GHA4M62790
27	228/2026	1215/26	गोपालपुर	1900/विधि, दिनांक 08.08.2026	रंजीत कुमार पिता–सुनील शर्मा सा०–कनौली, मधुदुनपुर, जहानाबाद।	गोपालपुर थाना कांड सं०–225/26	BR01JX8743	MA1TA2SJXF2A13011	SJF4A11145

अतः समाचार पत्र के माध्यम से उक्त जप्त वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से कारण बतावें कि क्यों नहीं कॉलम–08/09/10 में अंकित जप्त वाहन को राजसात कर लिया जाय। निर्धारित **तिथि–24.11.2026** तक पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जायेगा कि संबंधित मालिक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार अभिलेख में उपलब्ध कागज के आधार पर आदेश पारित किया जायेगा।

यदि सूची में उल्लेखित वाहन पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा बनता हो तो वैसे व्यक्ति भी ससमय न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रख सकते है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

बंदोबस्त पदाधिकारी
–सह–
अपर समाहर्त्ता (लो0शि0नि0)
गोपालगंज

PR. No. 015362 (REVENUE) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संघर्ष से सृजन तक : डिजीटल गुरु नीरज के सफरनामे से शिक्षा-शिक्षण में नया आयाम

कटिहार। वर्ष 2007 में बिहार के कटिहार जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय हाजी बसीर टोला, कटिहार में एक नियोजित शिक्षक के रूप में शिक्षक नीरज नयन आनंद की सेवा यात्रा प्रारंभ हुई। शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और समाज में शिक्षा की अलख जगाने के संकल्प के साथ इन्होने विद्यालय में अपना कार्य प्रारंभ किया, लेकिन जिस विद्यालय में इनकी पदस्थापना हुई, उसकी स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन इन्होंने इसे समस्या के रूप में नहीं, बल्कि परिवर्तन के अवसर के रूप में स्वीकार किया। शिक्षक नीरज नयन आनंद विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया।लगातार गृह भ्रमण और समुदाय से संवाद का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा और धीरे-धीरे विद्यालय में बच्चों का नामांकन बढ़ने लगा।इसके बाद इनकी प्राथमिकता बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। इसके लिए इन्होंने पोषक क्षेत्र में जागरूकता लाई।

विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के साथ नई चुनौती सामने आयी। फलस्वरूप विद्यालय भवन का निर्माण प्रारंभ हुआ। चार सौ से अधिक बच्चों का



नामांकन हुआ और व्यवस्थित रूप से अध्यापन कार्य संचालित होने लगा। विद्यालय ने जिले में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। विद्यालय में किए गए विभिन्न नवाचारों, सामूदायिक सहभागिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रयासों ने इन्हें स्थानीय स्तर से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिली।वर्ष 2025 में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रधान शिक्षक की परीक्षा उत्तीर्णता के बाद इनकी पदस्थापना प्राथमिक विद्यालय मननपुर, हसनगंज में हुई।

यहां भी इन्होंने चुनौती को स्वीकार की और विद्यालय की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन का प्रयास प्रारंभ किया। आज विद्यालय की बदली हुई व्यवस्था को देख इन्हें प्रशंसा मिली। इनकी पहचान केवल एक शिक्षक के रूप में नहीं, बल्कि नवाचार आधारित शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले शिक्षक के रूप में बनी है। इनके द्वारा किए गए विभिन्न नवाचारों, माक ड्रिल, जागरूकता अभियानों और विद्यालय विकास के प्रयासों ने इन्हे शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान प्रदान की है।सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण क्षेत्र में ऑनलाइन शिक्षण की इस पहल को व्यापक सराहना मिली। धीरे-धीरे अन्य शिक्षकों ने भी इस पहल का अनुसरण किया। इन प्रयासों के कारण इन्हें कटिहार जिले में डिजिटल गुरु के नाम से भी पहचान मिली।शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभवों को केवल अपने विद्यालय तक सीमित रखने के बजाय ये उन्हें अन्य शिक्षकों तक पहुंचाने का भी प्रयास करते रहे हैं। शिक्षा विभाग के स्टेट मास्टर ट्रेनर के रूप में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए इन्होंने शिक्षकों के साथ अपने अनुभव और नवाचार साझा किए।इसके अतिरिक्त, इनके द्वारा संचालित ह्डुह्लद्वश्ठ्डुद्य ड्ढठ्ठड्ढश1ड्डह्लद्व1द्द ञ्जद्वड्डुच्द्धद्गह्द ह्लद्दद्डुठ्ठद्व5ड्डह्लद्वश्ठ्ठ के माध्यम से देशभर के शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इनका उद्देश्य शिक्षकों के अनुभवों, नवाचारों और सफल प्रयोगों को एक-दूसरे तक पहुंचाना है।इनकी पूरी शिक्षक यात्रा का मूल उद्देश्य यही रहा है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि शिक्षक में संकल्प, संवेदनशीलता, निरंतर प्रयास और नवाचार की भावना हो, तो विद्यालय और समाज दोनों में परिवर्तन संभव है। इन्हें विश्वास है कि एक शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ाता, वह भविष्य का निर्माण करता है। इसी विश्वास के साथ शिक्षक नीरज नयन आनंद शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार, सेवा और सकारात्मक परिवर्तन के लिए समर्पित है।

नेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस एवं भास्कर दिवसोत्सव का मणिकांचन संयोग

मनिहारी (कटिहार)। नेशनल पब्लिक स्कूल मनिहारी के तत्वावधान में विद्यालय परिसर में बाल दिवस तथा छठ महापर्व के अवसर पर बाल दिवस सह भाष्कर उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के शिक्षा प्रेमी प्रबन्धक न्यासी रामेश्वर पाण्डेय तथा ऊर्जावान न्यासी डॉ0 ओम प्रकाश पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।दीप प्रज्वलन के उपरान्त पं0 जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका स्वेता कुमारी ने किया।इस अवसर पर प्रबन्धक न्यासी रामेश्वर पाण्डेय ने कहा कि नेहरू जी के जन्मदिवस पर बाल दिवस का आयोजन उनके बच्चों के प्रति प्रेम को दर्शाता है। साथ ही उनके द्वारा नेहरू जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया। इसअवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे प्रणिका प्रकाश, दितिया कुमारी, दर्शिका कुमारी, चार्वी राय, आद्या गुप्ता ने केक काटा। स्कूल ने नन्हें- मुन्ने छात्रों द्वारा बाल दिवस और भगवान भास्कर के उपासना के लोकपर्व छठ के मणिकांचन संयोग को अपनी प्रस्तुति

से जीवंत कर दिया। एक ओर जहां चाचा नेहरू और बालदिवस पर छात्रों द्वारा बाल कविता, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य से समां बांधा, वहीं दूसरी ओर पारम्परिक परिधान में सजी छात्राओं ने छठ गीतों पर अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम मंच पर मानो साक्षात छठ घाट की दिव्यता को उतार दिया। आन्या प्रकाश और प्रणिका प्रकाश द्वारा प्रस्तुत जोड़े-जोड़े सुपवा छठ गीत के अलावा चक धूम-धूम, रट्टा मार, छठी मइया ओरिया निहारे, राधा गोरी-गोरी, छोटा बच्चा जान के, भोरहीं से रहिया निहारीं, गलती से मिस्टेक, बुद्धू सा मन डांस को विशेष रूप